Booklet Serial No. : 5497

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

***B.N.T./12*** **TEST BOOKLET SERIES**

# *TEST BOOKLET*

# *GENERAL KNOWLEDGE*

**A**

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 120

*All* questions carry equal marks.

## *INSTRUCTIONS*

1. Immediately after the commencement of the examination, you should check that test booklet does not have any unprinted or torn or missing pages or items, etc. If so, get it replaced by a complete test booklet.
2. **Encode clearly the test booklet series A, B, C or D as the case may be in the appropriate place in the answer sheet.**
3. Write your Roll Number only in the box provided alongside. Do not write anything else on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item comprises four responses (answers). Choose only one response for each item, which you consider the best.
5. After the candidate has read each item in the Test Booklet and decided which of the given responses is correct or the best, he has to mark the circle containing the letter of the selected response by blackening it completely with Black or Blue ball pen. In the following example, response "C" is so marked :

   (A) (B) ● (D)

6. Do the encoding carefully as given in the illustrations. While encoding your particulars or marking the answers on answer sheet, you should blacken the circle corresponding to the choice in full and no part of the circle should be left unfilled.
7. You have to mark all your responses ONLY on the ANSWER SHEET separately given according to 'INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES' already supplied to you. *Responses marked on the Test Booklet or in any paper other than the answer sheet shall not be examined. In case of difference in any question in English and Hindi version, then the English version be treated as final.*
8. All items carry equal marks. Attempt all items. Your total marks will depend only on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet. There will be no negative marking.
9. Before you proceed to mark responses in the Answer Sheet, fill in the particulars in the front portion of the Answer Sheet as per the instructions sent to you.
10. After you have completed the test, hand over the Answer Sheet only to the Invigilator.

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

## सामान्य ज्ञान

समय : 2 घण्टे] [पूर्णांक : 120

1. टिहरा सुजानपुर को राजधानी के रूप में विकसित करने का श्रेय किसे है ?

   (A) राजा संसारचंद (B) राजा घमण्डचंद

   (C) राजा अभयचंद (D) राजा जयसिंह

2. कांगड़ा के ब्राह्मण समुदाय में प्रचलित 'सरादेणा' प्रथा से क्या अभिप्राय है ?

   (A) विद्यारम्भ

   (B) हलवाहा की बेटी का नगरकोटिया परिवार में ब्याह

   (C) नगरकोटिया ब्राह्मण समुदाय की पंचायत की बैठक

   (D) होली के अवसर पर आयोजित महाभोज

3. भोजकी अभिधान से कौन जाने जाते हैं ?

   (A) कटोच राजवंश के पारिवारिक पुजारी

   (B) ज्वालाजी एवं नैनादेवी मंदिरों के पुजारी

   (C) विवाह समारोह में कवितापाठी

   (D) ठाकुरों से भूमिदान प्राप्त ब्राह्मण

4. पाबूची, पंडवाणी और भटाक्षरी किस चीज के द्योतक हैं ?

   (A) लिपियों के प्रकार (B) भित्ति चित्र

   (C) वस्त्र चित्रपट (पेंटिंग) (D) ऊनी वस्त्र

5. किस मुद्दे पर राजा अनिरुद्धचंद ने महाराजा रणजीतसिंह के समक्ष झुकने के बजाय राजगद्दी का परित्याग करने की ठान ली थी ?

   (A) कांगड़ा दुर्ग का समर्पण

   (B) नजराने के रूप में भारी धनराशि चुकाना

   (C) मियाँ ध्यानचंद के परिवार में अपनी बहिन का विवाह करना

   (D) सन्धि की अत्यन्त कठोर शर्तें मानना

6. एकमात्र वह राजवंश, जिसका उद्भव हिमाचल प्रदेश में हुआ एवं जिसके अस्तित्व का आव्रजन से कोई लेना-देना नहीं है :

(A) पठानिया (B) कटोच

(C) मनकोटिया (D) सेन

7. मुखिया, वज़ीर और माहर नामक कनैतों की उपजातियाँ किस क्षेत्र में आबाद हैं ?

(A) जिला सिरमौर (B) शिमला जिला

(C) किन्नौर (D) लाहुल

8. कांगड़ा क्षेत्र के घिरथ कौन हैं ?

(A) गड़रिये (B) बुनकर

(C) कृषक (D) व्यापारी

9. पंडित चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' के जनक (पिताश्री) जयपुर रियासत में एक प्रतिष्ठित पद पर आसीन थे । वह पद था :

(A) राज ज्योतिषी (B) पोथीखाना अध्यक्ष

(C) प्राचार्य महाराजा कॉलेज (D) अध्यक्ष तोषाखाना

10. 'भेंट' और 'बिहागड़ा' लोकगीत किस श्रेणी के हैं ?

(A) धार्मिक गीत (B) चरवाहा गीत

(C) विवाह गीत (D) दुग्धबाला गीत

11. चूण्डावण्ड और पगवण्ड प्रथाओं का सम्बन्ध है :

(A) पैतृक सम्पत्ति के बँटवारे से

(B) बेटी को दिए जाने वाले दहेज से

(C) भरपूर फसल के लिए किये जाने वाले अनुष्ठानों से

(D) ग्राम देवता को चढ़ायी जाने वाली भेंट से

12. कमला रानी और रोशनी देवी ने किस क्षेत्र में नाम कमाया है ?

(A) कशीदाकारी

(B) भित्ति चित्रांकन

(C) लोकगीत

(D) गलीचा बुनाई

13. हिमाचल प्रदेश के किस जिले में राज्य का प्रथम संगीत स्टूडियो 'साऊण्ड ऑफ माऊण्टेन्स' के नाम से 1986 ई. में स्थापित हुआ ?

(A) मण्डी

(B) कांगड़ा

(C) शिमला

(D) हमीरपुर

14. किन्नौरी लोकगीत 'टिप्सी बाण्डणी' की विषयवस्तु है :

(A) किन्नौर किशोरी का सौन्दर्य

(B) सुन्दरी किन्नौरी बाला को ईर्ष्यादग्ध उषा देवी द्वारा दिया गया शाप

(C) नवपरिणीत युगल का स्वागत

(D) पावस ऋतु का आगमन

15. किस साहित्यिक कृति के लिये डॉ. सुशील कुमार फुल्ल को हिमाचल प्रदेश के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान से सम्मानित किया गया ?

(A) फूलों की छाया
(B) मिट्टी की गंध
(C) हारे हुए लोग
(D) खुलती हुई पाँख

16. किस साहित्यकार का निबंध संग्रह 'बूँद समानी समुद्र' शीर्षक से प्रकाशित हुआ है ?

(A) रतनसिंह हिमेश
(B) प्रेम पखरोलवी
(C) पीयूष गुलेरी
(D) राजीव कुमार त्रिगर्ती

17. 'दर्द धमोटवी' नाम से कौनसे साहित्यकार जाने जाते हैं ?

(A) हरनामदास डोगरा
(B) देशराज डोगरा
(C) रामदयाल नीरज
(D) हरिकृष्ण मिट्ठू

18. नॉबेल पुरस्कार विजेता आंग सान सू की का किस रूप में शिमला से घनिष्ठ सम्बन्ध है ?

(A) वे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की स्नातक हैं ।
(B) वे रिसर्च फेलो के रूप में शिमला के भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में दो वर्ष तक रहीं ।
(C) उनका शोध प्रबन्ध शिमला के बारे में है ।
(D) वे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में विजिटिंग प्रोफेसर रही हैं ।

19. जनजातीय प्रदेश किन्नौर जिला की हृदयस्थली में हिमाचल प्रदेश ऊर्जा निगम को वृक्ष काटने से विरत रहने का आदेश किसने दिया है ?

(A) वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, नई दिल्ली

(B) वानिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश

(C) नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल

(D) हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय

20. रियासती युग में चम्बा में मिंजर उत्सव का श्रीगणेश होता था :

(A) कुंजरी मल्हार गीतों के गायन से

(B) राजा द्वारा प्रातःकाल रघुवीर और लक्ष्मीनारायण मंदिरों में मिंजर के समर्पण (चढ़ावे) द्वारा

(C) रावी नदी में मिंजर और नारियल प्रवाहित करके

(D) राजमहल से भव्य शोभायात्रा के सूत्रपात से

21. कौनसा दर्रा लाहुल क्षेत्र को चम्बा जिले के भरमौर इलाके से जोड़ता है ?

(A) रोहतांग (B) कुंजम

(C) कुगती (D) बारालाचा

22. लाहुल घाटी का प्रमुख पारम्परिक व्यञ्जन 'थुण्पा' विशेषकर किस समय बनाया जाता है ?

(A) शीतकाल में (B) वसन्त ऋतु में

(C) ग्रीष्मकाल में (D) विवाह के अवसर पर

23. किस मंदिर का कारदार (प्रबन्धक) ठाकुर और पुजारी लामा होता है ?

(A) त्रिलोकीनाथ मंदिर

(B) शिकारी देवी मंदिर

(C) नैना देवी मंदिर

(D) हिडिम्बा देवी मंदिर

24. किस रियासत की समृद्धि और खुशहाली के लिये गुरु गोविंदसिंह ने अट्ठारह दिनों तक अखण्ड कीर्तन किया ?

(A) मण्डी

(B) चम्बा

(C) सुकेत

(D) सिरमौर

25. सोलन जिले का सर्वाधिक लोकप्रिय जोहड़जी मेला किससे सम्बद्ध है ?

(A) गुरु हरगोविन्द

(B) गुरु अमरदास

(C) गुरु नानक देव

(D) गुरु अंगद देव

26. 'शिमला घोषणापत्र' के माध्यम से ब्रिटिश सरकार द्वारा क्या कदम उठाया गया ?

(A) अफगानिस्तान के विरुद्ध युद्ध की घोषणा

(B) महाराजा रणजीतसिंह से सन्धि

(C) शिमला में पहले (प्रथम) चर्च की स्थापना

(D) कालका-शिमला रेलवे लाइन बिछाने की शुरुआत

27. किस रियासत का शासक देवदार की पत्तियों और घास में बर्फ की पैकिंग करके उसे मुगल शहजादी जहाँआरा की मदिरा को शीतल करने के लिए भेजता था ?

(A) सुकेत
(B) सिरमौर
(C) चम्बा
(D) मण्डी

28. किस एकमात्र पहाड़ी शासक ने 1857 ई. की क्रांति के दौरान ब्रिटिश सरकार को सैन्य व वित्तीय सहायता नहीं दी ?

(A) कहलुर का शासक
(B) बुशहर का शासक
(C) सिरमौर का शासक
(D) मण्डी का शासक

29. भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में शिमला को किसने निर्दिष्ट किया ?

(A) लॉर्ड कैनिंग
(B) लॉर्ड एल्गिन
(C) सर जॉन लॉरेन्स
(D) लॉर्ड लिटन

30. किस वायसरॉय ने ब्रिटिश भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में शिमला के चयन का इन शब्दों में समर्थन किया था – "यह भारत में एकमात्र ऐसी जगह है जहाँ एक वायसरॉय स्वयं को दफ्तरी ताम-झाम से मुक्त रख सकता था ।"

(A) लॉर्ड कर्ज़न
(B) लॉर्ड मिंटो
(C) लॉर्ड रीडिंग
(D) लॉर्ड चेम्सफोर्ड

31. किस देश के राष्ट्रगान को इसकी पुरुषाभिमुख अभिनति का निराकरण करने हेतु हाल ही में इसमें महान् पुत्रों के साथ 'महान् पुत्रियों' शब्द जोड़कर संशोधित किया गया है ?

(A) ऑस्ट्रेलिया (B) ऑस्ट्रिया

(C) हंगरी (D) जर्मनी

32. आगामी नॉबिल शांति पुरस्कार के लिए मलाला युसुफजाई के नाम की संस्तुति किसने की है ?

(A) असमा जहाँगीर (B) मिशेली ओबामा

(C) हिलेरी क्लिंटन (D) एंजेलिना जॉली

33. मानव मस्तिष्क के आकार में प्रभूत वृद्धि का कारण हाल ही में प्रकाशित, दो लातीनी अमरीकी शोधकर्त्री महिलाओं के शोधपत्र के अनुसार मनुष्यों द्वारा पकाया गया भोजन (cooked food) ग्रहण करना है । ये शोधप्रज्ञाएँ किस देश की हैं ?

(A) बोलिविया (B) ब्राजील

(C) वेनेजुएला (D) कोलंबिया

34. हाल ही में एक भारतीय राज्य में भूमि अधिकारों के लिए किसानों के साठ वर्ष पुराने संघर्ष की सफल परिणति तब हुई जब राज्य सरकार किसानों की ब्रिटिश शासन द्वारा अधिग्रहीत की गई 85 हजार एकड़ जमीन उन्हें वापस लौटाने पर सहमत हो गयी । वह राज्य है :

(A) बिहार (B) कर्नाटक

(C) महाराष्ट्र (D) ओडिशा

35. हाल ही में दिवंगत अनुश्रुत खगोलविज्ञानी पैट्रिक मूर को बी.बी.सी. टेलीविजन पर एक कार्यक्रम निरन्तर पचास वर्षों तक प्रस्तुत करने का श्रेय प्राप्त है । वह उल्लेखनीय कार्यक्रम था :

(A) द स्काई एट नाईट

(B) द अनफेदमेबल यूनिवर्स

(C) इनफिनिट यूनिवर्स

(D) अवर ग्लोब एंड इट्स नेबर्स

36. एक नवीन आनुवंशिकी अध्ययन के अनुसार यूरोप के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय रोमानी का देशान्तरण पन्द्रह सौ वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था । इसका प्रस्थान बिन्दु था :

(A) पश्चिम एशिया

(B) भारत

(C) उत्तरी अफ्रीका

(D) अफगानिस्तान

37. नेपाल में चल रहे वर्तमान राजनीतिक गतिरोध के मूल में है :

(A) संघवाद के बारे में तीव्र मतभेद

(B) माओवादी लड़ाकों का नेपाली सेना में समावेशन

(C) विपक्ष का प्रधान मंत्री बदलने पर जोर

(D) भारत के साथ 1950 ई. में सम्पन्न संधि पर पुनर्विचार

38. सीधे नकद हस्तान्तरण योजना जनवरी 2013 से इसके लिये तय भारत के 51 जिलों में से उस जिले में लागू होगी जो निम्नांकित शर्त पूरी करता हो :

(A) उस जिले की 80% जनसंख्या आधार कार्डधारी हो ।

(B) वह प्रायः अकाल पीड़ित क्षेत्र हो ।

(C) वहाँ लगातार दो वर्षों तक प्राकृतिक आपदाओं का कहर रहा हो ।

(D) उसका इस योजना में समावेश उस क्षेत्र के सांसद द्वारा संस्तुत हो ।

39. लॉर्ड लेवसन रिपोर्ट अस्वीकार करने के ब्रिटिश प्रधान मंत्री के निर्णय का वहाँ व्यापक पैमाने पर विरोध हुआ है । इस रिपोर्ट की मुख्य सिफारिश है :

(A) व्यवस्थापन द्वारा समर्थित एक स्वतंत्र मीडिया नियामक आयोग की स्थापना ।

(B) मीडिया पर संसदीय नियंत्रण ।

(C) मीडिया की अवांछनीय हरकतों पर अंकुश लगाने हेतु कठोर नियम ।

(D) हैकिंग का उच्छेदन करने हेतु एक आचरण संहिता का निर्माण ।

40. हाल ही में अपने नॉबेल स्वीकृति उद्बोधन को किस क्षेत्र के नॉबेल पुरस्कार विजेता ने एक मर्मस्पर्शी मानवीय संस्पर्श इन शब्दों में प्रदान किया : "स्वीडिश एकेडमी के महासचिव की पत्नी अभी दो घण्टे पूर्व ही एक कन्या की जननी बनी हैं । यह एक मनोहर कहानी का प्रारंभ है ।"

(A) चिकित्सा विज्ञान (B) शान्ति

(C) साहित्य (D) अर्थशास्त्र

41. सतिन्दर कुमार एवं अन्य बनाम भारत संघ मामले में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले का क्या असर हुआ है ?

(A) सोलन जिले में सीमेंट कारखानों को बंद कर दिया गया है ।

(B) जल विद्युत उत्पादन की बड़ी योजनाओं को हरी झण्डी मिल गई है ।

(C) पौंटा साहिब स्थित गुरुद्वारे को एक संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है ।

(D) राष्ट्रपति निवास में अवस्थित गिरजाघर में धार्मिक उत्सवों का आयोजन नहीं किया जा सकता है ।

42. पर्वतीय रेलों के संचालन के सभी क्षेत्रों (पहलुओं) में तकनीकी और वाणिज्यिक सहयोग के लिए भारतीय रेल जुंगफाऊ रेलवे से सहयोग की संभावना तलाश रही है । जुंगफाऊ रेलवे जिस देश से सम्बद्ध है, वह है :

(A) स्वीडन

(B) स्विट्ज़रलैण्ड

(C) चीन

(D) नॉर्वे

43. गनवॉकिंग स्कीम को हाल ही में अमरीकी काँग्रेस (संघीय व्यवस्थापिका) के निचले सदन में उग्र भर्त्सना के प्रहार झेलने पड़े हैं । इस योजना का सम्बन्ध है :

(A) हथियारों के लाइसेन्स जारी करने की उदार नीति ।

(B) आग्नेय अस्त्रों का निर्माण करने वाली इकाइयों में वृद्धि ।

(C) नशीली दवाओं के मेक्सिकन गिरोहों के लिए हथियारों की तस्करी करने वाले लोगों को आग्नेय अस्त्र खरीदने की अनुमति की रणनीति ।

(D) बंदूक लॉबी के क्रियाकलापों की जानबूझकर अनदेखी ।

44. तीन माह तक चलने वाले भव्य कला समारोह के दौरान मंचित किए जाने वाले पाँच सदी पुराने 'चविट्टू नाटकम्' के प्रस्तुतिकरण की तैयारी किस राज्य में वृहद् स्तर पर चल रही है ?

(A) आन्ध्र प्रदेश

(B) केरल

(C) कर्नाटक

(D) ओडिशा

45. 'इन्दिरा गाँधी मातृत्व सहयोग योजना' के अन्तर्गत लाभान्वित होने के लिए अर्हता का मापदंड क्या है ?

(A) लाभार्थी महिला अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग की होनी चाहिए ।

(B) दो से अधिक जीवित संतानें नहीं होनी चाहिये ।

(C) दो से अधिक जीवित संतानें नहीं हों एवं उम्र उन्नीस वर्ष से अधिक हो ।

(D) गरीबी रेखा के नीचे वाले परिवार की सदस्या हो ।

46. विश्व ऊर्जा क्षेत्र में पेट्रोकेराइब की क्या भूमिका है ?

(A) पूर्ववर्ती सोवियत गणराज्यों को ऊर्जा आपूर्ति करने वाला वृहद् ऊर्जा संगठन ।

(B) एक ऊर्जा सहयोग समझौता जिसके अन्तर्गत वेनेजुएला द्वारा सत्रह लातीन अमरीकी देशों को रियायती दरों पर कच्चे तेल की आपूर्ति ।

(C) तेल उत्पादक अफ्रीकी देशों का समूह ।

(D) सलाफी व जिहादी उग्रवादियों को धन मुहैया कराने वाली सऊदी तेल कम्पनी ।

47. अंटार्कटिका में बर्फ पर अभियान के लिए चयनित होने वाली एकमात्र एशियाई और एक दिन के लिए प्रथम नौ-सैनिक उड़ाका, ऊर्जावान किशोरी छात्रा मालविका वाड़ किस राज्य से है ?

(A) गुजरात (B) पश्चिम बंगाल

(C) गोआ (D) कर्नाटक

48. आंग सान सू की को प्रदत्त नॉबेल पुरस्कार इस अर्थ में विशिष्ट बन गया कि :

(A) वे इससे सम्मानित होने वाली प्रथम महिला थीं ।

(B) पुरस्कार जीतने के 21 वर्ष पश्चात् उन्होंने इसे स्वयं ग्रहण किया ।

(C) सैनिक तानाशाही ने उन्हें अपना स्वीकृति उद्बोधन भेजने की भी अनुमति प्रदान नहीं की ।

(D) यह पुरस्कार उन्हें बंधुआ मजदूरी और नशीली दवाइयों के गिरोहों के खिलाफ अथक संघर्ष के लिए प्रदान किया गया ।

49. टाइम मैगजीन की 'ऑल टाइम 100' 1923 से निर्मित महानतम फिल्मों की सूची में अभी हाल ही में कौनसी हिंदी फिल्म को स्थान दिया गया है ?

(A) मदर इण्डिया (B) मुगले आजम

(C) आवारा (D) दो बीघा जमीन

50. तीर्थ यात्रियों के सम्मुख दिये जाने वाले अपने साप्ताहिक 'वेटिकन उद्बोधन' में पोप बेनेडिक्ट सोलहवें द्वारा हाल ही में किस भाषा को सम्मिलित किया गया है ?

(A) मेन्डेरिन (चीनी) (B) अरबी

(C) स्पेनिश (D) तुर्की

51. अलेपो, उग्र राजनीतिक उथल-पुथल से गुजर रहे किस एशियाई देश का सबसे बड़ा शहर है ?

(A) चीन (B) सीरिया

(C) लेबनान (D) इराक

52. अद्वैत दर्शन के संस्थापक आदि शंकराचार्य का जन्म कलाडी में हुआ था । यह किस राज्य में है ?

(A) पश्चिम बंगाल (B) त्रिपुरा

(C) केरल (D) तमिलनाडु

53. श्रीलंका इस समय 'दिविनेगुमा विधेयक' पर जारी विवाद के चलते कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच गतिरोध के दौर से गुजर रहा है । विधेयक के इस अभिधान का अर्थ है :

(A) जीवनोत्थान (B) प्रफुल्ल जीवन

(C) सुरभित जीवन (D) स्वास्थ्यकर जीवन

54. किस भारतीय राज्य से बनेई मिनाशी समुदाय के लोग पिछले सात वर्षों से इसराइल में प्रव्रजन कर रहे हैं ?

(A) केरल (B) मणिपुर

(C) सिक्किम (D) झारखण्ड

55. 2015 के लिए प्रस्तावित योजना को सुगम बनाने के लिए अफगान सरकार और तालिबान के बीच चल रही 'चिन्तेली वार्ताएँ' कहाँ हो रही हैं ?

(A) नॉर्वे (B) ईरान

(C) नीदरलैण्ड (D) फ्रांस

56. पारसी पंचायत मुंबई ने बम्बई उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि केवल 'गरीब पारसी' समुदाय की परिदान योजना के अंतर्गत बनी आवासीय योजना के अंतर्गत आवास प्राप्त करने के हक़दार हैं । पंचायत के अनुसार 'गरीब पारसी' वह है जिसकी मासिक आमदनी :

(A) 1.50 लाख रु. हो

(B) 90 हजार रु. हो

(C) 2 लाख रु. हो

(D) 1 लाख रु. हो

57. सर्वोच्च न्यायालय के किस विश्रुत न्यायाधीश के योगदान का हाल ही में इन शब्दों में यशोगान किया गया — "उनका विश्वास था कि कानून सबसे अन्त में खड़े, सबसे कमजोर और पराजित व्यक्ति के लिए बना है और वही उनका कार्यक्षेत्र था ।"

(A) न्यायमूर्ति डी.एन. देसाई

(B) न्यायमूर्ति ओ. चिनप्पा रेड्डी

(C) न्यायमूर्ति वी.आर. कृष्ण अय्यर

(D) न्यायमूर्ति एम. हिदायतुल्लाह

58. भारतीय समाज की पुरातन आध्यात्मिक धरोहर के संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का अधोलिखित समन्वयवादी दृष्टिकोण किसने प्रस्तुत किया :

"जब भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है तो इसका तात्पर्य यह नहीं है कि हम एक अदृश्य आत्मा की वास्तविकता को अथवा जीवन के लिए धर्म की प्रासंगिकता को अस्वीकार करते हैं या हम अधर्म को बढ़ावा देते हैं ।"

(A) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन्

(B) पंडित जवाहरलाल नेहरू

(C) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

(D) के. एम. मुंशी

59. वह उद्देश्य जिसके संदर्भ में शिक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के विशेष दूत द्वारा यह घोषणा की गई है कि अब से 10 नवम्बर 'मलाला एवं 32 मिलियन बालाओं' दिवस के रूप में मनाया जाएगा :

(A) लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करना ।

(B) कन्या भ्रूणहत्या को रोकना ।

(C) पाठशाला जाने से वंचित संसार के सभी क्षेत्रों की लड़कियों को पढ़ाना ।

(D) घरेलू हिंसा के खिलाफ विश्वव्यापी अभियान प्रारंभ करना ।

60. मंगल ग्रह पर अपने प्रथम मिट्टी विश्लेषण को अंजाम देने वाले नासा के क्यूरोसिटी रोवर ने लाल ग्रह पर ऐसे खनिज पाए हैं, जो जिस प्रदेश की असिताश्म ज्वालामुखीय मिट्टी से मिलते-जुलते हैं, वह है :

(A) हवाई

(B) आइसलैण्ड

(C) फिनलैण्ड

(D) जापान

61. सन् 1913 ई. में स्थापित जिस विख्यात राष्ट्रवादी समाचार-पत्र के मुखपृष्ठ के शीर्ष पर निम्नांकित पंक्तियाँ अंकित रहती थीं :

जिसको न निज गौरव तथा निज देश का अभिमान है ।

वह नर नहीं नर पशु निरा है और मृतक समान है ॥

वह था :

(A) कर्मवीर

(B) प्रताप

(C) वीर अर्जुन

(D) हंस

62. आइटक (अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन काँग्रेस) की स्थापना किस वर्ष में हुई और इसके प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की ?

(A) वर्ष 1930 एवं महात्मा गाँधी

(B) वर्ष 1922 एवं पंडित मोतीलाल नेहरू

(C) वर्ष 1920 एवं लाला लाजपत राय

(D) वर्ष 1925 एवं वल्लभभाई पटेल

63. किस घटना के फलस्वरूप 'ऑपरेशन ब्लैक टॉरनेडो' को अंजाम देना पड़ा ?

(A) उल्फा उग्रवाद

(B) सिक्ख उग्रवाद

(C) पश्चिम बंगाल में माओवादियों की हिंसक गतिविधियाँ

(D) मुंबई पर आतंकवादी हमला

64. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के किस अग्रणी नेता ने लाहौर से प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'चट्टान' के संपादक को दी गई भेंट वार्ता में अप्रैल 1946 ई. में यह भविष्यवाणी की थी – "यदि पाकिस्तान अस्तित्व में आता है तो उसे अत्यन्त प्रारंभ से ही बहुत गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा । एक अक्षम और अयोग्य राजनीतिक नेतृत्व सैनिक शासन का मार्ग प्रशस्त करेगा ।"

(A) महात्मा गाँधी

(B) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

(C) सरदार पटेल

(D) आचार्य जे.बी. कृपलानी

65. 'गेट वे ऑफ इंडिया' के निर्माण पर व्यय हुई 21 लाख रु. की धनराशि का तकरीबन आधा हिस्सा एक ही परिवार द्वारा दिये गये दान से प्राप्त हुआ था । वह था एक :

(A) पारसी परिवार
(B) यहूदी परिवार
(C) सीरियन ईसाई परिवार
(D) मारवाड़ी परिवार

66. सन् 1984 के आम चुनाव में पश्चिम बंगाल के किस संसदीय चुनाव क्षेत्र को 'महाकाय मारक चुनाव' की संज्ञा दी गई थी ?

(A) जादवपुर
(B) बोलपुर
(C) दार्जिलिंग
(D) बर्दवान

67. ब्रिटिश शासन के दौरान वर्तमान समय के किस भारतीय राज्य में सदियों पुरानी दास प्रथा को समाप्त करने का प्रगतिशील कदम सर्वप्रथम उठाया गया ?

(A) आन्ध्र प्रदेश
(B) तमिलनाडु
(C) केरल
(D) गुजरात

68. ब्रिटिश शासनकाल में 'राज' की ग्रीष्मकालीन राजधानी में कौनसी बात डाकियों की महत्ता को प्रकट करती थी ?

(A) डाकियों को वर्ष में दो बार विशेष बोनस दिया जाता था ।
(B) उन्हें प्रति दो वर्ष में अवकाश यात्रा भत्ता मिलता था ।
(C) डाकियों को अध्यापकों से अधिक वेतन मिलता था ।
(D) उन्हें राजकीय समारोहों में आमंत्रित किया जाता था ।

69. भारत के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित पटुआ, चोरली और कालीघाट किसके प्रकार हैं ?

(A) बुनाई (B) पाक कला

(C) लोक कला (D) लोक संगीत

70. किस भारत रत्न विभूति की कला प्रस्तुति सन् 1947 ई. से लेकर उनके पार्थिव जीवन के अवसान तक प्रत्येक स्वाधीनता दिवस समारोह की उल्लेखनीय घटना बनी रही ?

(A) पंडित भीमसेन जोशी (B) एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी

(C) उस्ताद बिसमिल्लाह खान (D) पंडित रविशंकर

71. स्वाधीनता संघर्ष के दौरान 'भारत कोकिला' के अभिधान से किसे संबोधित किया जाता था ?

(A) सुभद्राकुमारी चौहान (B) सरोजिनी नायडू

(C) महादेवी वर्मा (D) नूरजहाँ

72. नेवार बौद्धों के अनुसार दीपावली सद्धर्म के लिए एक मांगलिक दिवस है क्योंकि :

(A) इस दिन सिद्धार्थ गौतम को संबोधि प्राप्त हुई थी ।

(B) यह भगवान बुद्ध का जन्मदिन है ।

(C) सम्राट् अशोक ने इस दिन बौद्धधर्म ग्रहण किया था ।

(D) सम्राट् अशोक ने अपने पुत्र महेन्द्र और पुत्री संघमित्रा को सद्धर्म प्रचारार्थ इस दिन श्रीलंका भेजा था ।

73. अपनी कठोर तपश्चर्या द्वारा गंगा नदी को पृथ्वी पर उतरने के लिए किसने मनाया ?

(A) राजा रघु
(B) राजा दिलीप
(C) राजा भगीरथ
(D) राजा इक्ष्वाकु

74. सिक्ख पंथ में कौनसा दिन 'बन्दी छोड़ दिवस' के रूप में मनाया जाता है ?

(A) बैसाखी
(B) होली
(C) विजयादशमी
(D) दीपावली

75. संस्कृत साहित्य की कौनसी कृति में भारत की भौगोलिक विशेषताओं की मनोहारी प्रस्तुति हुई है ?

(A) मेघदूत
(B) कादम्बरी
(C) रघुवंशम्
(D) दशकुमारचरित

76. महाभारत के प्रमुख पात्रों में राधेय अभिधान किसका है ?

(A) अभिमन्यु
(B) कर्ण
(C) भीष्म
(D) घटोत्कच

77. महर्षि व्यास की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए उनके द्वारा उच्चरित महाकाव्य महाभारत के लेखन का गुरुतर कार्य किसने सम्पन्न किया ?

(A) आचार्य बृहस्पति
(B) महात्मा विदुर
(C) भगवान गणेश
(D) महर्षि नारद

78. लुम्बिनी बौद्धों के लिए पवित्र स्थान है क्योंकि :

(A) यहाँ भगवान बुद्ध को संबोधि प्राप्त हुई ।

(B) यहाँ बुद्ध ने अपना प्रथम धर्मोपदेश दिया ।

(C) यह बुद्ध की जन्मस्थली है ।

(D) यहाँ बुद्ध को निर्वाण प्राप्त हुआ ।

79. धर्मशाला के चारान खड्डा क्षेत्र के भिखारियों व कचरा बीनने वालों की दयनीय स्थिति सुधारने के लिये कौन प्रयत्नशील है ?

(A) लॉयन्स क्लब धर्मशाला

(B) सिस्टर्स ऑफ चेरिटी

(C) तिब्बती भिक्षु जामयांग

(D) समाज कल्याण विभाग

80. प्रकाशसिंह मामले में सर्वोच्च न्यायालय का सन् 2006 ई. का आदेश एक महत्वपूर्ण आदेश माना जाता है क्योंकि इस आदेश के माध्यम से सर्वोच्च न्यायपीठ ने :

(A) पुलिस को लोकहितकारी बनाने के लिए मार्गदर्शी सूत्र प्रदान किये ।

(B) पुलिस को नागरिकों के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिये सात सुझावों की शृंखला प्रदान की ।

(C) पुलिस को औपनिवेशिक मानसिकता की जकड़न से मुक्त करने का रास्ता सुझाया ।

(D) पुलिस बल के पूर्ण आधुनिकीकरण की सिफारिश की ।

81. मौलाना हसरत मोहानी ने संविधान सभा द्वारा पारित भारतीय संविधान पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया क्योंकि उनके अनुसार :

(A) संविधान भारतीयता की चेतना से रहित था ।

(B) राज्यों को केन्द्र का वशवर्ती बना दिया गया था ।

(C) यह जनविरोधी था ।

(D) इसमें गाँधीदर्शन प्रतिबिम्बित नहीं हो रहा था ।

82. एक गणतंत्र के रूप में भारत के अग्रगामी प्रयाण के प्रारंभ में ही सच्ची उदारवादी लोकतांत्रिक चेतना का प्रमाण देते हुए प्रसिद्ध व्यंग्य चित्रकार शंकर से यह आग्रह किसने किया था, "शंकर मुझे मत बख्शना" ?

(A) पंडित जवाहरलाल नेहरू | (B) गोविंद वल्लभ पंत

(C) सी. राजगोपालाचारी | (D) सरदार पटेल

83. श्रीकृष्ण के बाल्यकाल की घटनाओं का चित्रण करने वाली अनोखी चित्रपट कला वृन्दावन वस्त्र का उद्गम स्थल है :

(A) उत्तर प्रदेश | (B) गुजरात

(C) असम | (D) त्रिपुरा

84. अधोलिखित में से मौलाना फज़ले हक़ खैराबादी का वंशज कौन है, जिन्हें ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध उठ खड़े होने के अपराध में आजीवन निर्वासन की सजा देकर अण्डमान भेज दिया गया था ?

(A) नजमा हेपतुल्लाह | (B) हामिद अंसारी

(C) जावेद अख़्तर | (D) राशिद अल्वी

85. प्रथम स्वातंत्र्य युद्ध के दौरान देशवासियों को इन शब्दों में किसने प्रेरित किया :

"हमारी राय है कि विदेशियों का शासन भारत पर न भऔ चाहिजै और हम फौज की तैयारी कर रहे हैं सो अंगरेजन से लड़वौ बहुत जरूरी है ।"

(A) रानी लक्ष्मीबाई

(B) तात्या टोपे

(C) राणा बेनी माधव

(D) पेशवा नाना साहिब

86. किस घटना के विरोध में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने नाइट की पदवी का परित्याग कर दिया था ?

(A) बंग भंग

(B) लोकमान्य तिलक का निर्वासन

(C) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड

(D) भगतसिंह को फाँसी

87. मरणोपरान्त भारत रत्न सम्मान से सर्वप्रथम किसे सम्मानित किया गया ?

(A) इन्दिरा गांधी

(B) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

(C) लाल बहादुर शास्त्री

(D) सरदार वल्लभभाई पटेल

88. हिमालयी दर्रा बोमडिला किस राज्य में अवस्थित है ?

(A) सिक्किम

(B) हिमाचल प्रदेश

(C) अरुणाचल प्रदेश

(D) उत्तराखण्ड

89. कंचनजंगा जैवक्षेत्र किस राज्य में रेखांकित किया गया है ?

(A) उत्तराखण्ड (B) पश्चिम बंगाल

(C) सिक्किम (D) अरुणाचल प्रदेश

90. ऋषि याज्ञवल्क्य और गार्गी के मध्य हुआ संवाद किस उपनिषद् में सन्निहित है ?

(A) कठ (B) केन

(C) मुण्डक (D) बृहदारण्यक

91. एक पंथनिरपेक्ष राज्य होने के बावजूद स्वयं भारतीय संविधान में कुछ राज्यों की संचित निधि में से 'देवासवोम' न्यास के लिए रियासती विलीनीकरण समझौते के फलस्वरूप अनुदान की व्यवस्था की गयी है । वह रियासत थी :

(A) जम्मू-कश्मीर (B) तंजौर

(C) मैसूर (D) ट्रावनकोर कोचीन

92. किस संविधान संशोधन ने अनुच्छेद 45 को चौथे भाग (निदेशक तत्व) से निकालकर अनुच्छेद 21A के रूप में तीसरे भाग (मूल अधिकार) में स्थानान्तरित कर दिया है ?

(A) 86वाँ संशोधन (B) 25वाँ संशोधन

(C) 73वाँ संशोधन (D) 90वाँ संशोधन

93. किस प्रधान मंत्री के शासनकाल में सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकारों की सूची से निकाल दिया गया ?

(A) राजीव गांधी (B) मोरारजी देसाई

(C) इन्द्र कुमार गुजराल (D) एच.डी. देवगौडा

94. पंचवर्षीय योजना का अनुमोदन एवं पुनरावलोकन किसके द्वारा किया जाता है ?

(A) संघीय मंत्रिमंडल

(B) आर्थिक मामलों विषयक केबिनेट समिति

(C) राष्ट्रीय विकास परिषद्

(D) वित्त मंत्रालय

95. सर्वोच्च न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीश की नियुक्ति की जाती है :

(A) भारत के राष्ट्रपति द्वारा

(B) विधि मंत्री द्वारा

(C) सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा

(D) राष्ट्रपति की अनुमति से भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

96. संविधान का अनुच्छेद 28 निषिद्ध करता है :

(A) जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव

(B) साम्प्रदायिक घृणा का फैलाव

(C) सरकारी शिक्षण संस्थाओं में धार्मिक शिक्षा

(D) अस्पृश्यता

97. मोती का मुख्य घटक होता है :

(A) कैल्सियम कार्बोनेट और मैग्नीशियम कार्बोनेट

(B) कैल्सियम सल्फेट

(C) कैल्सियम ऑक्साइड और कैल्सियम सल्फेट

(D) केवल कैल्सियम कार्बोनेट

98. प्याज को छीलने या काटने पर आँखों में प्रभूत मात्रा में आँसू आने का कारण है :

(A) प्याज की कोशिकाओं में विद्यमान गंधक

(B) कोशिकाओं में एमीनो एसिड की उपस्थिति

(C) मैग्नीशियम की उपस्थिति

(D) अमोनिया गैस की उपस्थिति

99. आयोडीनयुक्त नमक की मानव शरीर में क्या भूमिका है ?

(A) थाइराइड ग्रंथि के कार्य का नियमन करना

(B) अग्न्याशय ग्रंथि को सक्रिय बनाना

(C) गुर्दों की क्रियाशीलता को तीव्रता प्रदान करना

(D) मस्तिष्क की कोशिकाओं को सशक्त बनाना

100. किस चीज की कमी रतौंधी में फलित होती है ?

(A) विटामिन 'ए' की कमी

(B) भोजन में हरी सब्जियों की अपर्याप्तता

(C) विटामिन 'बी' की कमी

(D) आँखों की समुचित देख-रेख में कमी

101. हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पौर्वात्य दर्शन के आचार्य पद को स्वीकार करने हेतु सर्वप्रथम किस भारतीय विभूति को आमंत्रित किया गया ?

(A) डॉ. एस. राधाकृष्णन् (B) स्वामी विवेकानंद

(C) स्वामी रंगनाथानंद (D) श्री अरविन्द

102. 18 फरवरी, 1911 के दिन भारत में पहली वाणिज्यिक नागरिक उड़ान किन स्थानों के बीच सम्पन्न हुई ?

(A) इलाहाबाद—नैनी (B) इलाहाबाद—वाराणसी

(C) मुंबई—पुणे (D) देहली—अमृतसर

103. मॉण्टेगू-चेम्सफोर्ड सुधारों की अपर्याप्तताविषयक यह टिप्पणी किसकी थी ?

"प्रभात हुआ पर सूर्य कहाँ है ?"

(A) लोकमान्य तिलक (B) लाला लाजपत राय

(C) देशबंधु चितरंजनदास (D) एम.आर. जयकर

104. "मेरी महत्वाकांक्षा मुस्लिम गोखले बनने की है ।"

अपनी महती राजनीतिक अभिलाषा की अभिव्यक्ति उपर्युक्त शब्दों में किसने की ?

(A) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (B) मोहम्मद अली जिन्ना

(C) मोहम्मद करीम छागला (D) मौलाना हसरत मोहानी

105. अहोभाव से आधुनिक भारत में स्वामी विवेकानंद के स्थान को "मानव जाति को भारत की महानतम देन" के रूप में किसने रेखाङ्कित किया है ?

(A) श्री अरविंद
(B) नेताजी सुभाषचन्द्र बोस
(C) भगिनी निवेदिता
(D) रवीन्द्रनाथ टैगोर

106. एडवर्ड सप्तम् के राज्यारोहण का उत्सव मनाने के लिए 1903 ई. में आयोजित दिल्ली दरबार में उपस्थित होने के वायसरॉय लार्ड कर्जन के आदेश की अवहेलना करने का साहस किस देशी रियासत के शासक ने दिखाया ?

(A) मण्डी
(B) सुकेत
(C) मेवाड़
(D) बड़ौदा

107. सन् 1921 ई. में महात्मा गाँधी के साबरमती आश्रम की स्थापना के लिए डेढ़ लाख रु. की धनराशि की व्यवस्था करने का श्रेय किसे है ?

(A) जमनालाल बजाज
(B) राजा बल्देवदास बिड़ला
(C) डॉ. प्राणजीवनदास मेहता
(D) आदमजी पीरभॉय

108. महात्मा गांधी की कृति 'हिन्द स्वराज' की रचना किस लेखन विधि में हुई है ?

(A) डायरी लेखन
(B) पत्र लेखन
(C) संपादक और पाठक के बीच वार्तालाप
(D) निबन्ध

109. मूलत: हिन्द स्वराज है :

(A) स्वराज की रूपरेखा

(B) सभ्यता का विमर्श

(C) ग्रामोत्थान की योजना

(D) औपनिवेशिक शासन के खतरे का खुलासा

110. महात्मा गाँधी के अनुसार आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी उपलब्धि है :

(A) व्यापक विनाश के हथियारों का आविष्कार

(B) बड़े पैमाने पर उत्पादन करने में सक्षम मशीनें

(C) समय व स्थान की दूरी का न्यूनीकरण

(D) भौतिक सुविधाओं का बाहुल्य

111. 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से पूर्व जनमानस को आन्दोलित करने वाली भावनाओं को अधोवर्णित प्रभावी काव्याभिव्यक्ति किसने प्रदान की :

सिंहासन हिल उठे राजवंशों ने भृकुटि तानी थी
बूढ़े भारत में आयी फिर से नयी जवानी थी
दूर फिरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी
चमक उठी सन् सत्तावन में वह तलवार पुरानी थी

(A) माखनलाल चतुर्वेदी (B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(C) सुभद्राकुमारी चौहान (D) महादेवी वर्मा

112. सन् 1924 में प्रकाशित 'हिन्द स्वराज' का प्रथम अमरीकी संस्करण किस शीर्षक से प्रकाशित हुआ ?

(A) सरमन ऑन द माऊण्ट (B) सरमन ऑन द सी

(C) कमांडमेंट ऑफ एन ईस्टर्न सेज (D) विजन ऑफ ए बैटर वर्ल्ड

113. आर.सी. दत्त की महत्वपूर्ण कृति "इकॉनॉमिक हिस्टरी ऑफ इंडिया" के अध्ययन के उपरांत महात्मा गाँधी ने क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की ?

(A) ब्रिटिश शासन शैतानी शासन था ।

(B) देश के हृदय का रक्त चूसा जा रहा था ।

(C) उनके नेत्र अश्रुपूरित हो गए ।

(D) ब्रिटिश शासन एक अभिशाप था ।

114. किसी वस्तु का परित्याग करने हेतु कौनसी मनोदशा महात्मा गाँधी के अनुसार अनुकूल थी ?

(A) प्रबल कर्तव्य चेतना से स्पंदित होने पर

(B) भौतिक पदार्थों की व्यर्थता का बोध होने के पश्चात्

(C) वांछित वस्तुओं का बेहतर विकल्प मिलने पर

(D) भौतिक संसार की क्षणभंगुरता पर चिंतन के पश्चात्

115. महात्मा गाँधी के प्रति अपनी तीव्र नापसंदगी को जाहिर करते हुए विंस्टन चर्चिल ने उन्हें 'भारत का अर्द्धनग्न फकीर' की संज्ञा किस अवसर पर प्रदान की ?

(A) असहयोग आन्दोलन की उर्मिलता के दौरान

(B) सविनय अवज्ञा आन्दोलन की हलचल के समय

(C) दांडी यात्रा के समय

(D) भारत छोड़ो आन्दोलन के समय

116. किस पुस्तक के विषय में महात्मा गाँधी ने यह अभिमत व्यक्त किया है कि इसका लेखन 'रक्त एवं आँसुओं' से हुआ है ?

(A) द व्हाइट स्लेव्ज ऑफ इंग्लैण्ड

(B) द किंगडम ऑफ गॉड इज विदिन यू

(C) अनटू दिस लास्ट

(D) अ न्यू क्रूसेड

117. भारतीय संविधान की उद्देशिका की विचक्षणता से कौनसे विख्यात राजनीतिक चिंतक इतने प्रभावित हुए कि सामाजिक और राजनीतिक सिद्धान्त पर अपने महत्वपूर्ण ग्रंथ का श्रीगणेश उन्होंने इसे शब्दश: उद्धृत करके किया ?

(A) आचार्य हेरल्ड जे. लास्की (B) सर अर्नेस्ट बार्कर

(C) सर आईवर जेनिंग्ज (D) आचार्य के.सी. व्हीयर

118. "मनुष्यता और मातृभूमि के कल्याण के लिए गाँधी जैसे विरल व्यक्तित्व इस धरती पर यदा-कदा ही अवतरित होते हैं" – महात्मा गाँधी का यशोगान इन शब्दों में किसने किया ?

(A) अल्बर्ट आइन्स्टीन (B) रोमां रोलां

(C) रवीन्द्रनाथ टैगोर (D) डॉ. प्राणजीवनदास मेहता

119. महात्मा गाँधी सन् 1936 और 1945 के मध्य अपने शिमला प्रवास के दौरान प्राय: मेनोरविल में ठहरते थे । यह भवन किसकी मिल्कियत था ?

(A) अमृता शेरगिल (B) राजकुमारी अमृत कौर

(C) सर कैनेथ फिट्ज (D) मोहनसिंह ऑबेरॉय

120. ब्रिटिश राज के दौरान शिमला पर एक निगाह दौड़ाने के बाद किसका आक्रोश इन शब्दों में फूट पड़ा था : "यदि किसी को कहा जाय कि बन्दरों ने इसका निर्माण किया है तो इतना ही कहा जा सकता है कि क्या कमाल के बन्दर हैं. – यदि वे दोबारा ऐसी कोशिश करें तो उन्हें गोली से उड़ा दो ।"

(A) सर एडविन लुटियन्स (B) लेडी कर्जन

(C) लेडी डफरिन (D) इरिस मेरी बटलर